(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वन क्षेत्रों में खनन संबंधी अधिकांश ठेके अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों से संबंधित व्यक्तियों को प्रदान किए गए हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) पर्यावरण और वन मंत्रालय ने हाल ही में इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रारूप जारी किया है, जिसमें प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन कार्य करने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में आपत्तियां मांगी गई हैं, ताकि इस बारे में अंतिम निर्णय लेने से पहले वह मंत्रालय उन पर विचार कर सके।

(ग) खनन पट्टे/ठेके संबंधित राज्य सरकारों द्वारा दिए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जानकारी नहीं रखी जा रही है।

Functioning of Indian Bureau of Mines

2122. SHRI V. HANUMANTHA RAO : Will the Minister of MINES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Bureau of Mines has embarked on a programme to give .consultancy on Com mercial basis to private parties;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether IBM done any internal study on is own functioning;

(d) if so, the details on the assessment of the functioning;

(e) whether corruption has permeated all aspects of IBM functioning: and

(f) what steps did the consultancy division of IBM suggest to eliminate delays and corruption in IBM with regard to grant of mining licences ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) and (b) The Indian Bureau of Mines (IBM) has a [Techn'cal Consultancy Cell, which pro-/ides Technical Consultancy Services on suitable terms both to Private as well as Public Sector units in the fields of Geo-ogy, Mining, Ore Dressing, Market Survey, Financial Analys's etc. The Consultancy is provided on payment of prescribed charges at different rates for small and large mines as approved by the *Gov* ernment

(c) and (d) : The performance of IBM is reviewed infernally on a regular basis. The performance of the Bureau is also reviewed by the IBM Advisory Beard constituted by the Government.

(e) Some complaints have been received in the past, many of them anony-mous|pseudonymous mostly relating to approval of mining plans, inspection ot mines etc. All the complaints received were enquired into and they were found to be either of a general nature or lacking in material information or proof necessary for establishing the allegations.

(f) As IBM does not issue mining leases or licences, the question does not arise.

हीरों का उत्पादन

2123 श्री अजीत जोगी : श्री छोटूभाई पटेल : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में हीरों के उत्पादन में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इनके उत्पादन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) सरकारी क्षेत्र उपक्रम, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने,

जो इस समय देश में हीरे का खनन कर रहा है भारत में हीरे की खोज के लिए यूएनडीटीसीडी से सहायता मांगी है। निगम, हीरे के गवेषण में कुछ विदेशी कम्पनियों की सहायता प्राप्त करने की संभावनाओं का भी पता लगा रहा है।

भारत-फ्रांस प्रोटोकाल के तहत, फ्रांस के बीआरजीएम का भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के साथ आंध्र प्रदेश में हीरे का गवेषण करने का प्रस्ताव है।

Production of Zinc

2124. SHRI V. HANUMANTHA RAO :
DR. SHRIKANT RAM-CHANDRA JICHKAR :

Will the Minister of MINES be pleased to state •

(a) the total production of Zinc in the country during the last three years and what was its value;

(b) what was the quantity of zinc ex-portedlimported during the said period:

(c) what is the domestic consumpiion and demand for zinc; and

(d) how much zinc is used by the pharmaceutical industry annually ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) The total production of Zinc by the primary producers during the past 3 years and its value are as under :

(Quantity in tonnes/value in Cr./Rs.)

Name of producer	1990-91		1991-92		1992-93	
	Qty.	Value	Qty.	Value	Qty.	Value
1	2	3	4	5	6	7
Hindustan Zinc Ltd.	72,362	386.24	84,668	500.22	1,06,564	665.96
Binani Zinc Ltd.	1,608	7.60	16,537	89.60	20,036	118.80
Total :	73,970	393.84	1,01,205	589.82	1,26,600	784.76

(b) The total quantity of Zinc includ in;; its alloys imported during 1990-91 1991-92 and 1992-93 (April—December 1992) was 76,758, 39,377 and 12,614 tonnes respectively. Hindustan Zinc Ltd exported about 1155 tonnes of Zinc during 1992-93.

(c)The estimated domestic demand of Zinc during 1993-94 is 1,45,000 tonnes.

(d) Zinc is used in various chem cal forms in certain pharmaceutical industries No separate information about actual consumption of zinc in this sector is maintained.

उत्तर प्रदेश में खनिज भंडार

2125 श्री ईश दत्त यादव : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में खनिज भंडार प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो पिछले एक वर्ष के दौरान किन-किन क्षेत्रों में कौन-कौन से खनिजों के भंडारों का पता चला है; और

(ग) क्या सरकार इन मूल्यवान खनिज भंडारों को उपयोग में लाने का विचार रखती है ?